# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdpl-ta-rj@nic.in)

क्रमांक : एफ.4(ई)डी–2113/2013/ अलेसे–II/08 दिनांक :– 4-4-2023

### कार्यालय आदेश

निदेशालय के स्थानान्तरण आदेश संख्या 470/2021–22 दिनांक 30.09.2021 के द्वारा श्री नेहरू पंचाल, सहायक लेखाधिकारी–II (तत्कालीन कनिष्ठ लेखाकार) का स्थानान्तरण कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी भीनमाल जालौर से कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सांचोर (जालौर) में श्री कमलेश विश्नोई के स्थान पर तथा श्री कमलेश विश्नोई का स्थानान्तरण कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी भीनमाल (जालौर) में श्री नेहरू पंचाल के स्थान पर किया गया था। श्री नेहरू पंचाल द्वारा माननीय राजस्थान सिविल अपील अधिकरण, चलपीठ, जोधपुर के अपील संख्या 95/2021 दिनांक 05.10.2021 से उक्त स्थानान्तरण आदेश पर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिये जाने एवं श्री कमलेश विश्नोई द्वारा कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, भीनमाल (जालौर) में कार्यभार ग्रहण करने के कारण कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, भीनमाल (जालौर) में स्वीकृत सलेअ–II के एक पद के विरूद्व दो कार्मिक कार्यरत रहे है। वर्तमान में श्री पंचाल सहायक लेखाधिकारी–II कार्यालय पंचायत समिति जसवन्तपुरा जालौर में पदस्थापित है।

अतः श्री नेहरू पंचाल, सहायक लेखाधिकारी–II का माह जून 2022 से सितम्बर 2022 तक का लम्बित अवधि का वेतन कोषाधिकारी, कोष कार्यालय जालौर में कनिष्ठ लेखाकार के रिक्त पद के विरूद्व आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ. 4(ई)/(एन–2013)/अलेसे–III/08 दिनांकः– 4-4-2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव निदेशक महोदय।
2. कोषाधिकारी, जालौर।
3. विकास अधिकारी,पंचायत समिति, जसवंतपुरा,जालौर।
4. उप निदेशक, (एसीपी) कम्प्यूटर पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
5. श्री नेहरू पंचाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, पंचायत समिति जसवन्तपुरा जिला जालौर।
6. पदस्थापन सीट/वरिष्ठता सीट/गोपनीय शाखा।

(के.जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I/II)